an>

Title: Regarding Standardisation of the Speed Brakers at Fharat Nagar Crossing and Rudramaon Crossing.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावां के विकास खंड क्षेत्र माधोगंज में स्थित फराहत नगर रेलवे क्रॉसिंग व रूदामऊ रेलवे क्रॉसिंग के दोनों तरफ रोड पर बने स्पीड ब्रेकर की ओर आकर्Âिात करना चाहती हूं। अध्यक्ष जी दोनों क्रॉसिंग के रोड पर बहुत ऊचे-ऊचे स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं जिससे आने-जाने वाले वाहनों व लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिससे ज्यादातर वाहन पलट जाते हैं और खराब हो जाते हैं और एक्सीडेंट भी होते रहते हैं जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करती हूं कि फराहत नगर क्रॉसिंग और रूदामऊ क्रॉसिंग के स्पीड ब्रेकर मानक के अनुरूप बनाने के लिए आदेश देने का कÂट करें जिसे आम जनता के आने-जाने की समस्या का समाधान हो सके।